# Coverage Report

# International Police Expo 2022

**The Pioneer**

## INTERNATIONAL POLICE EXPO IN DELHI ON JULY 6-7

New Delhi: With a focus on new technologies and weapons for a robust internal security ecosystem, better policing, creating secure cities and enabling police forces to recover from future turmoil, an International Police Expo will be held in the national Capital from July 6 to7. Over 350 world-class companies from 18 countries to showcase latest innovations including mob controlling, anti-drone gun, narco drug test, advanced firearms, mobile forensic technology, cyber security, armoured vehicle, and a lot more to be demonstrated in front of over 3000 police and defence personnel's.

**Punjab Kesari**

## अन्तर्राष्ट्रीय पुलिस एक्स्पो में 18 देशों के होंगे आधुनिक हथियार

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : आज देश आजादी का अमृत महोत्सव का जश्न मना रहा है, ऐसे में भावी तकनीकों के द्वारा पुलिस व्यवस्था को सशक्त बनाना समय की मांग है। पुलिस एवं सुरक्षा कर्मचारियों के प्रशिक्षण के लिए प्रभावी प्लेटफॉर्म बनाने की आवश्यकता है, जिसके माध्यम से इन आधुनिक इनोवेशन्स को प्रभावी एवं सही तरीके से लागू किया जा सके। आधुनिक हथियारों एवं शरीर पर पहने जाने वाले कैमरों से लेकर चेहरा पहचानने वाले सॉफ्टवेयर एवं आर्टीफिशियल इंटेलीजेन्स जैसी तकनीकें लॉ एनफोर्समेंट एजेन्सियों को सामाजिक सुरक्षा कायम रखने में अधिक सक्षम बना रही हैं। वहींअन्तर्राष्ट्रीय पुलिस एक्स्पो में 18 देशों के आधुनिक हथियार होंगे।

**Dainik Bhaskar**

## अंतरराष्ट्रीय पुलिस एक्स्पो में 18 देशों के आधुनिक हथियारों का होगा प्रदर्शन

### प्रगति मैदान में एक्स्पो का आयोजन 6-7 जुलाई को होगा

**भास्कर न्यूज़** | नई दिल्ली

प्रभावी पुलिस प्रणाली एवं सशक्त आंतरिक सुरक्षा के प्रयासों को मजबूती प्रदान करने की दिशा में दिल्ली में अंतरराष्ट्रीय पुलिस एक्स्पो 2022 का आयोजन होने जा रहा है। इसमें यूके, यूएस, इज़रायल, जर्मनी, फ्रांस, दुबई, यूएई, सिंगापुर, ऑस्ट्रेलिया, रूस, स्पेन, इटली, डेनमार्क और स्वीडन समेत 18 देशों की 350 से अधिक विश्वस्तरीय कंपनियां मॉब कंट्रोलिंग, ड्रोन, साइबर सुरक्षा, मोबाइल फोरेंसिक, काउंटर ड्रोन, आर्मर्ड व्हीकल जैसे आधुनिक इनोवेशन्स को तीन हजार से अधिक पुलिस एवं सुरक्षा कर्मियों के समक्ष प्रदर्शित करेंगी। नेक्सजेन एक्ज़हीबिशन्स द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय पुलिस एक्स्पो 2022 का आयेजन प्रगति मैदान में 6-7 जुलाई 2022 को होगा।

आधुनिक मॉब कंट्रोलिंग उपकरण एवं डिवाइसेज, नेक्स्ट जनरेशन आग्नेयास्त्र, एरोस्पेस प्रा. लिमिटेड एवं फील्ड डीफेन्स द्वारा निर्मित एंटी ड्रोन गन, एक्सिओस्टेट- मेडिकल प्रोडक्ट जो ब्लीडिंग को तुरंत रोकने में सक्षम है, आईआर टेक को ऑटोमेटेड एक्सप्लोज़िव ट्रेस डिटेक्शन तकनीक, कृषि ड्रोन, सुरक्षा एवं सीमा पर निगरानी के लिए खासतौर पर डिजाइन किये गए ड्रोन सहित अनेकों विश्वस्तरीय इनोवेशन्स अंतरराष्ट्रीय पुलिस एक्स्पो में आकर्षण का केन्द्र होंगे। अंतरराष्ट्रीय पुलिस एक्स्पो के आयोजनकर्ता मुकेश खारिया का कहना है अंतरराष्ट्रीय पुलिस एक्स्पो वरिष्ठ पुलिस एवं कानून प्रर्वतन अधिकारियों, सुरक्षा एजेंसियों, सरकारी प्रतिनिधियों एवं प्रोफेशनल्स के लिए एशिया के सबसे बड़े और सबसे प्रभावी प्लेटफॉर्म के रूप में तेजी से उभर रहा है। यह अंतरराष्ट्रीय एवं भारतीय निर्माताओं, आपूर्तिकर्ताओं और इनोवेटर्स को सुरक्षा एजेंसियों के समक्ष अपने नवीनतम उपकरणों एवं तकनीकों को प्रदर्शित करने का एक प्रभावशाली मंच प्रदान करेगा।

**Jansatta**



# अंतरराष्ट्रीय पुलिस एक्स्पो का होगा आयोजन

**नई दिल्ली, 4 जुलाई।** देश की आंतरिक सुरक्षा एवं पुलिस व्यवस्था को मजबूती प्रदान करने के लिए प्रगति मैदान में लगने वाले अन्तरराष्ट्रीय पुलिस एक्स्पो में 18 देशों के आधुनिक हथियार, गोला–बारूद एवं तकनीक निर्माता शामिल होंगे। छह–सात जुलाई को माब कंट्रोलिंग, एंटी–ड्रोन गन, नार्को ड्रग टेस्ट, आधुनिक आग्नेयास्त्र, मोबाइल फोरेंसिक टेक्नोलाजी, साइबरसुरक्षा, आर्मर्ड व्हीकल जैसे आधुनिक इनोवेशन्स सहित 3000 से अधिक पुलिस एवं सुरक्षा कर्मी इससे रूबरू होंगे। (जसं)

**Millennium Post**



INTERNATIONAL POLICE EXPO 2022

A police personnel visits the International Police Expo 2022 on Wednesday PTI

**Navbharat Times**



Photos: Sunil Kataria

# पुलिसिंग का मॉडर्न फेस
## दिख रहा इस एक्सपो में

2 दिनों का इंटरनैशनल पुलिस एक्सपो

18 देशों की 350 से अधिक कंपनियां कर रहीं शिरकत

■ एनबीटी न्यूज, नई दिल्ली : पुलिस सेवा के आधुनिकीकरण की झलक दिखाता हुआ एशिया का सबसे बड़ा दो दिवसीय इंटरनैशनल पुलिस एक्सपो प्रगति मैदान में बुधवार से शुरू हो गया है। इसमें 18 देशों की 350 से अधिक कंपनियां अपने आधुनिक हथियारों, गोला-बारूद और तकनीक का प्रदर्शन कर रही हैं।

एक्सपो में देश की भीतरी सुरक्षा एवं पुलिस प्रणाली को नए स्तर तक ले जाने की तैयारी दिखाई जा रही है। आधुनिक हथियार और बॉडी कैमरों से लेकर चेहरा पहचानने वाले सॉफ्टवेयर, मॉब कंट्रोलिंग के उपकरण, एंटी-ड्रोन गन्स, नार्कोटिक्स ड्रग टेस्ट, मोबाइल फरेंसिक टेक्नोलॉजी, साइबर सुरक्षा, आर्मर्ड वीकल्स, होमलैंड सुरक्षा, सुरक्षा और बचाव... ये सब विजिटर्स के आकर्षण का केंद्र हैं।

अत्याधुनिक हथियारों का प्रदर्शन

एक्सपो में यह भी आकर्षण का केंद्र

इन वेपंस से मजबूत होगी पुलिस

ये साजोसामान करेंगे काम आसान

**Dainik Hindustan**

इंटरनेशनल पुलिस एक्सपो -2022 में इजरायल की कंपनी कॉरसाइट एआई ने पेश किए साजो सामान

# ढंके चेहरे को भी पहचानेगा सॉफ्टवेयर

**प्रदर्शनी**

ई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता। डिजिटल दुनिया में तैयार हो रहा बायोमैट्रिक डाटा अपराधी की तत्काल पहचान करने में मददगार साबित हो रहा है। यह सॉफ्टवेयर चेहरा पूरी तरह से कवर होने के बाद भी हुलिये के आधार पर डाटा का मिलान करता है और उस आदमी की पूरी जानकारी सामने रख देता है।

आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस से जुड़े फॉर्टिफाइ सॉफ्टवेयर का असम की पुलिस अभी इस्तेमाल कर रही है और अन्य राज्य भी इसकी दिशा में काम कर रहे हैं। प्रगति मैदान में बुधवार से शुरू हुए इंटरनेशनल पुलिस एक्सपो - 2022 में इजरायल की कंपनी कॉरसाइट एआई ने इस सॉफ्टवेयर को प्रस्तुत किया है।

प्रदर्शनी में सर्विलांस सॉफ्टवेयर के साथ अत्याधुनिक हथियार, सैनिकों के पहनने के लिए वर्दी से लेकर बुलेट प्रूफ जैकेट, सर्विलांस और हमला करने में इस्तेमाल होने वाले ड्रोन और अन्य साजो-सामान भी लाए गए हैं।



नई दिल्ली के प्रगति मैदान में बुधवार को एक्सपो के दौरान पुलिस के लिए विशेष हथियारों का प्रदर्शन किया गया। •सोनू मेहता

**एडवांस सिस्टम पर काम करता है सॉफ्टवेयर :** कॉरसाइट के क्षेत्रीय सेल्स निदेशक प्रशांत कौल का कहना है कि हमारा सॉफ्टवेयर फॉर्टिफाइ एडवांस सिस्टम पर काम करता है। हर पुलिस थाना स्थानीय स्तर पर अपराधियों व संदिग्ध अपराधियों का डाटा बैक बनाती है।

अकसर देखा गया है कि अगर कोई भी बड़ी वारदात होती है तो उसमें स्थानीय थाना क्षेत्र का अपराधी जरूर लिप्त होता है लेकिन सटीक जानकारी न होने पर पुलिस पकड़ने से बचती है। या फिर सीसीटीवी फुटेज और मोबाइल की लोकेशन के आधार पर जांच करती है, जिसमें लंबा वक्त लगता है।

**20 मिली सेकेंड में पहला रिजल्ट दे देता है :** यह सॉफ्टवेयर 20 मिली सेकेंड में पहला रिजल्ट दे देता है। अगर कोई अपराधी कहीं पर सीसीटीवी फुटेज में कैद होता है तो उसे सॉफ्टवेयर की मदद से उसका पूरा आवागमन भी ट्रैक किया जा सकता है।

कंपनी का दावा है कि उनके सॉफ्टवेयर की सटीकता 99 फीसदी से अधिक है।

## -50 डिग्री पर भी सैनिकों को ठंड से बचाएगी जैकेट

केंद्र सरकार की कंपनी ट्रूफ कंफर्ट लिमिटेड भी सैनिकों के लिए तैयार उत्पाद लेकर आई है। कंपनी की सहायक निदेशक गरिमा सिंह ने बताया, जैकेट आर्मी ट्रायल पर है, जिसकी मंजूरी मिलने के बाद कीमत तय होगी। इस जैकेट की खासियत यह है कि माइनस 50 डिग्री तापमान पर भी शरीर का सामान्य टैंपरेचर रखने में मदद करेगी। कंपनी ने कई उत्पादों को प्रदर्शनी में रखा है।

### स्टील की जैकेट



हार्ड स्टील से तैयार 8 .9 किलोग्राम की जैकेट में चार प्लेट लगाई हैं, जिनमें एक-एक प्लेट आगे और पीछे की तरफ लगी है। जबकि दो प्लेटों को दोनों तरफ लगाया है। 58 हजार कीमत की इस जैकेट की दो हजार यूनिट तमिलनाडु पुलिस खरीद चुकी है। इस जैकेट एके-47 से चलाई गई गोली भी नहीं भेद पाएगी। इसका कुल वजन 8 .9 किग्रा है, जिसे घटाकर कंपनी आठ किग्रा करना चाहती है।

### बुलेट प्रतिरोधी कवच



वीवीआईपी व उनके सुरक्षा में लगे सैनिकों के सीने को कवर करने के लिए बनाए गई बुलेट रजिस्टेंट वेस्ट जैकेट भी खास है। डेढ़ किलोग्राम से कंपनी से इसे घटाकर सवा किलोग्राम का कर दिया है। यह जैकेट 9 एमएम से चलाई गई गोली को रोकने में पूरी तरह से सक्षम है। कंपनी का कहना है कि इसे सबसे ज्यादा वीवीआईपी लोगों की सुरक्षा के लिए खरीदा जाता है।

### कुर्ते में फिक्स हो जाता है यह खास जैकेट



ऑर्डिनेंस फैक्ट्री कानपुर की तरफ से तैयार जैकेट कुर्ते में फिक्स करके तैयार की गई है। बुलेट प्रतिरोधी जैकेट लेवल-1 की श्रेणी में आती है, जिसमें 9 एमएम से चलाई गई गोली से कोई असर नहीं होगा। इसका कुल वजन 2.8 किलोग्राम है।

**The Pioneer**

# International Police Expo 2022 starts in national Capital

STAFF REPORTER ■
NEW DELHI

With an aim to strengthen the internal security infrastructure, the International Police Expo 2022 started on Wednesday in the national capital, during which the latest technology in security has been displayed from over 18 countries.

In the expo 2022, Mob Controlling equipment's and technologies, Anti-Drone Guns, Narco Drug Test, Mobile Forensic Technology, Cyber Security, Armoured Vehicles and a plethora of disruptive technologies in cybersecurity, homeland security, safety and rescue space from over 18 countries have become the key attraction of disaster rescue authorities, law enforcement agencies and central armed forces at the two-day event in New Delhi.

The event was organised by Nexgen Exhibitions, the International Police Expo 2022 is scheduled from 6th-7th July 2022 at Pragati Maidan hosting over 350 world-class companies from various countries such as UK, US, Israel, Germany, France, Dubai, UAE, Singapore, Australia, Russia, Spain, Italy, Denmark and Sweden.One of the key attraction.

Highlighting the key attractions, the organizer of the event Mukesh Kharia said that with this gala inaugural of our two-day International police expo, we are confident that senior police and law enforcement officials, security agencies, government representatives and professionals will successfully connect and interact with global and domestic manufacturers, suppliers and innovators so as to shape up a bright future for policing and homeland security in India.

"With mob violence and riots emerging as a serious challenge for policing in India, companies from various countries are displaying their latest innovations and technologies for face recognition, mob and riot controlling etc," he said.

"With significant advances in technology and AI, Facial Recognition today has become increasingly valuable for authorities and agencies to rapidly extract biometric imprints of perpetrators in mob or riot situations. Corsight's technology enables authorities/agencies to quickly run investigations in order to resolve dangerous situations and identify those involved. This can be done in large crowds, poor lighting, obscure camera angles and even with individuals wearing sunglasses or masks," says Prashant Kaul, Regional Sales Director, Corsight.ai.

**Amar Ujala**

# दुश्मन के ड्रोन को चित करेगा चैलेंजर, कोरसाइट से दंगाई होंगे पस्त

## अंतरराष्ट्रीय पुलिस एक्सपो में देश की आंतरिक और बाह्य सुरक्षा के लिए ढेरों तकनीक मौजूद, एंटी ड्रोन गन चैलेंजर-3 दो किमी से ड्रोन को मार गिराने में सक्षम

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** एंटी ड्रोन गन चैलेंजर-3 से हिंदुस्तान की सीमाएं दुश्मन देश के ड्रोन से सुरक्षित होंगी। इस उच्च तकनीक गन से दो किमी दूर उड़ रहे ड्रोन को गिराया जा सकता है। इसका इलेक्ट्रो मैग्नेटिक सेंसर बेहद शक्तिशाली है। यह दुश्मन के ड्रोन के कैमरे, जीपीएस और उसके नेविगेशन सिस्टम को बंद कर देता है। इसके बाद गन ड्रोन को तबाह कर देती है।

वहीं, इस्राइली तकनीक कोरसाइट से देश के अंदर दंगाइयों का बच पाना अब आसान नहीं होगा। अधिक भीड़, कम रोशनी में काला चश्मा पहने या मास्क लगाए व्यक्ति को भी आसानी से पहचाना जा सकता है। प्रगति मैदान के हॉल संख्या 8, 9 और 10 में आयोजित दो दिवसीय पुलिस एक्सपो में एंटी ड्रोन गन और कोरसाइट तकनीक जैसे अनगिनत सुरक्षा उपकरण मौजूद हैं।

### कोरसाइट तकनीक से काला चश्मा पहनें, मास्क लगाए व्यक्ति को भी पहचानना संभव

एक्सपो के भीतर चेन्नई की हिल्ड डिफेंस और एयरोस्पेस कंपनी अपनी एंटी ड्रोन गन चैलेंजर-3 के साथ मौजूद है। इसकी कीमत 60 लाख रुपये है। इसके एक और उन्नत वर्जन की कीमत 80 लाख रुपये है। इसी तरह से इस्राइल, यूके और यूएस में काम कर रही वैश्विक कंपनी कोरसाइट एआई अपनी कोरसाइट तकनीक के साथ एक्सपो में शामिल है। भारत में दंगों और भीड़ हिंसा से निपटना पुलिस के लिए बड़ी चुनौती है। कोरसाइट तकनीक पुलिस की इस चुनौती को बेहद आसान बना सकती है।



इंटरनेशनल पुलिस एक्सपो में रखी नई तकनीक की बंदूक। - अमर उजाला




अत्याधुनिक तकनीक से विकसित एंटी ड्रोन गन चैलेंजर -3। - अमर उजाला

**15 देशों की 350 कंपनियां मौजूद :** नेक्सजेन एग्जीबिशन द्वारा आयोजित इंटरनेशनल पुलिस एक्सपो 2022 में भारत सहित यूके, यूएस, इस्राइल, जर्मनी, फ्रांस, दुबई, यूएई, सिंगापुर, ऑस्ट्रेलिया, रूस, स्पेन, इटली, डेनमार्क और स्वीडन जैसे देशों की 350 विश्वस्तरीय कंपनियां हिस्सा ले रही हैं। भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय के उद्यम ट्रूप्स कम्फर्ट्स लिमिटेड के स्टॉल पर सैन्य व सुरक्षा बलों के लिए आधुनिक उत्पादों की व्यापक रेंज को प्रस्तुत किया गया है।

छोटे-बड़े हथियारों की नई पीढ़ी अदाड़ी डिफेंस और एयरोस्पेस कंपनी के स्टॉल पर अभय, अर्क, जीत, प्रहार, अचूक, लक्ष्य जैसी छोटी-बड़ी बंदूकें उपलब्ध हैं। भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय के उद्यम के स्टॉल पर स्नाइपर राइफल 7.72-51 एमएम एमके-1, एलएमजी 7.62-51 एमएम, एसएसएस डिफेंस वाइपर जैसी बंदूकें मौजूद हैं। इसके अलावा यहां स्नो बूट, मल्टीपर्पज बूट की अनेक किस्में उपलब्ध हैं। पासपर्ड रिकवरी मशीन कोमिनो कंपनी ने यहां पर एक ऐसी मशीन लांच की है, जिसके सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर के इस्तेमाल से हर तरह की कंप्यूटर फाइलों को क्रैक किया जा सकता है। कितना भी उलझा हुआ पासवर्ड हो, उसे तोड़ा जा सकता है।

### सैन्य बलों के लिए आकर्षण का केंद्र

एक्सपो में आधुनिक हथियारों व शरीर पर पहने जाने वाले कैमरों से लेकर चेहरा पहचानने वाले सॉफ्टवेयर और आर्टीफिशियल इंटेलिजेंस जैसी तकनीक मौजूद हैं। यहां 18 देशों से भीड़ नियंत्रण के उपकरण, तकनीकें, नार्कोटिक्स ड्रग टेस्ट, मोबाइल फोरेंसिक टेक्नोलॉजी, साइबर सुरक्षा, आर्म्ड व्हीकल्स व साइबर सुरक्षा, होमलैण्ड सुरक्षा आदि से संबंधित ढेरों आधुनिक तकनीकों का प्रदर्शन किया गया है। यह एक्सपो आपदा बचाव अधिकारियों, कानूनी प्रवर्तन एजेंसियों और केंद्रीय सैन्य बलों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

**Dainik Hindustan**

# एडवांस सर्विलांस सिस्टम से होगी संदिग्ध की पहचान

नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता। आपराधिक घटना या दंगे के बाद वारदात को अंजाम देने में शामिल लोगों की पहचान करना मुश्किल होता है। अभी पुलिस सीडीआर मांगती है या फिर घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालती है। यह प्रक्रिया लंबी होती है। लेकिन, अब एडवांस फॉरेंसिक सर्विलांस सिस्टम के जरिए संदिग्धों की तत्काल पहचान संभव हो सकती है।

**डाटा की सुरक्षा का भी ध्यान :** प्रगति मैदान में संपन्न दो दिवसीय इंटरनेशनल पुलिस एक्सपो-2022 में कई कंपनियों ने अपने एडवांस फॉरेंसिक सिस्टम को प्रस्तुत किया, जो त्वरित रूप से संदिग्ध की पहचान करके देने में सक्षम हैं। दिल्ली की फॉरेंसिक गुरु कंपनी एक ऐसे ही सिस्टम को सुरक्षा में लगी एजेंसियों को आपूर्ति करती है जो न केवल मौके से मिले डाटा को सुरक्षित रखने में मदद करता है। बल्कि डाटा एनालिसिस के तहत यह भी बताती है कि घटना के वक्त कितने लोग उस क्षेत्र में मौजूद थे और कुल कितनी कॉल की गई। कंपनी के सीनियर सेल्स मैनेजर मनोज बताते हैं कि हम ऐसे सिस्टम लेकर आए हैं जो घटना के बाद डाटा को पूरी तरह से सुरक्षित करने का काम करता है।

## नोएडा की कंपनी बड़े पैमाने पर ड्रोन बनाएगी

प्रदर्शनी में ड्रोन, एंटी ड्रोन रडार और अन्य सर्विलांस सिस्टम लेकर पहुंची नोएडा की इंडोविंग्स कंपनी का कहना था कि आने वाला समय देश में ड्रोन इंडस्ट्री का है। कंपनी के संस्थापक और सीईओ पारस जैन ने कहा कि सप्लाई, सर्विलांस, कृषि से लेकर रक्षा क्षेत्र में ड्रोन की आवश्यकता अब तेजी से बढ़ रही है। हमारी कंपनी ने कृषि, मैपिंग – सर्विलांस, अटैक एवं सर्विलांस के साथ ही सप्लाई सिस्टम में इस्तेमाल होने वाले ड्रोन तैयार किए हैं।

**Punjab Kesari**

## एंटी-ड्रोनगन और आर्म्ड व्हीकल्स तक एक्स्पो में प्रदर्शित



नई दिल्ली, (पंजाब केसरी) : आधुनिक हथियारों एवं शरीर पर पहने जाने वाले कैमरों से लेकर चेहरा पहचानने वाले सॉफ्टवेयर एवं आर्टीफिशियल इंटेलीजेन्स जैसी तकनीकें कानूनी प्रवर्तन एजेन्सियों को सुरक्षा में अधिक सक्षम बना रही है। प्रभावी पुलिस प्रणाली को समर्थन देने तथा सशक्त भीतरी सुरक्षा प्रणाली का निर्माण करने के प्रयास में एशिया के सबसे बड़े पुलिस एक्स्पो, इंटरनेशनल पुलिस एक्स्पो 2022 की शुरुआत आज नई दिल्ली में हुई। 18 देशों से मॉब कंट्रोलिंग के उपकरण और तकनीकें, एंटी-ड्रोन गन्स, नार्कोट ड्रग टेस्ट, मोबाइल फोरेंसिक टेक्नोलॉजी, साइबर सुरक्षा, आर्मर्ड व्हीकल्स तथा साइबर सुरक्षा, होमलैण्ड सुरक्षा, सुरक्षा एवं बचाव आदि में ढेरों आधुनिक तकनीकों का प्रदर्शन आपदा बचाव अधिकारियों, कानूनी प्रवर्तन एजेन्सियों और केंद्रीय सैन्य बलों के लिए इस दो दिवसीय एक्स्पो में आकर्षण का केन्द्र बन गया है। इस एक्सपो में विभिन्न देशों जैसे यूके, यूएस, इजरायल, जर्मनी, फ्रांस, दुबई, यूएई, सिंगापुर, ऑस्ट्रेलिया, रूस, स्पेन, इटली, डेनमार्क और स्वीडन से 350 विश्वस्तरीय कंपनियां हिस्सा ले रही हैं। -फोटो: मिहिर सिंह

**Dainik Jagran**

# भीड़ में नकाबपोश उपद्रवी को पहचान लेगा एफआर सिस्टम

## सिस्टम भीड़ में बदमाशों की पहचान कर एजेंसियों को भेजेगा अलर्ट

**पुलिस एक्सपो**

जागरण संवाददाता, नई दिल्ली : अब पत्थरबाजों की खैर नहीं...भीड़ का सहारा लेकर उपद्रव फैलाने वाले सलाखों के पीछे जाएंगे, क्योंकि नकाब पहनकर अपराध करने वाले बदमाशों की चंद मिनटों में पहचान हो सकेगी। यह संभव होगा कोर साइट के अत्याधुनिक फेशियल रिकाग्निशन (एफआर) सिस्टम की बदौलत। यह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक पर आधारित सिस्टम है, जो सुरक्षा एजेंसियों के लिए अचूक हथियार सावित होगा। असम की सुरक्षा एजेंसी ने इस पर ट्रायल भी शुरू कर दिया है।

**वच नहीं पाएंगे बदमाश** : कोर साइट के पदाधिकारी प्रशांत कौल ने बताया कि फोटो या वीडियो को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के जरिये पहचाना जाता है। यह सिस्टम नकाव पहने होने के बावजूद व्यक्ति की पहचान करने में सक्षम है। कई बार लोग चेहरा छिपाने की कोशिश करते हैं, लेकिन इस साफ्टवेयर से वचना मुश्किल होगा।

**कैसे करेगा काम** : यह सुरक्षा एजेंसियों की जरूरत को ध्यान में रखकर बनाया गया है। पुलिस सीसीटीवी कैमरों से निगरानी करती है। कंट्रोल रूम में इस सिस्टम को कंप्यूटर में इंस्टाल करना होगा। प्रशांत कौल ने बताया कि साफ्टवेयर सीसीटीवी कैमरे की फीड मानिटर करता रहता है। जैसे ही पुलिस डेटा में दर्ज कोई वांछित या बदमाश दिखेगा, सिस्टम उसे पहचान कर अधिकारियों को अलर्ट कर देगा।



प्रगति मैदान में शुरू हुए दो दिवसीय पुलिस एक्सपो में प्रदर्शित कोर साइट का फेशियल रिकाग्निशन सिस्टम, जो नकाब पहने हुए शख्स को पूरी जानकारी सुरक्षा एजेंसियों को बताने में सक्षम है • ध्रुव कुमार

### अब चेहरे के भाव भी पढ़ लेगा बाडी वार्न कैमरा

जागरण संवाददाता, नई दिल्ली : देश के विभिन्न जेलों में क्षमता से अधिक कैदी रखे गए हैं, जिनकी निगरानी करना मुश्किल काम है। कई बार सुरक्षाकर्मियों पर कैदियों के हमले की खबरें आती रहती हैं। जेलों की सुरक्षा को चाक-चौबंद रखने के मकसद से नोएडा की कंपनी स्पर्श ने चेहरे का भाव पढ़ने में सक्षम बाडी वार्न कैमरा वनाया है। यह कैमरा न केवल व्यवहार का विश्लेषण करेगा, बल्कि सुरक्षाकर्मियों को भी सचेत करेगा। यह कैमरा प्रगति मैदान में चल रहे पुलिस एक्सपो में दर्शकों के कौतुहल का केंद्र बना हुआ है।

कंपनी के पदाधिकारियों ने बताया कि इसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक का इस्तेमाल किया गया है। चेहरे की विविध भावों को यह पढ़ सकेगा। जेलों में तैनात पुलिसकर्मियों के लिए यह फायदेमंद सावित होगा। यदि कोई पुलिसकर्मी इसे पहनकर गश्त करेगा तो यह सामने पड़ने वाले शख्स के चेहरे का भाव पढ़ेगा।

**पूरी गतिविधि का चलेगा पता** : मान लीजिए पुलिस को किसी बदमाश की तलाश है। पुलिस उसका एक फोटो उपलब्ध कराएगी। एफआर सिस्टम में इसे फीड किया जाएगा। जैसे ही यह शख्स कहीं दिखेगा तत्काल अलार्म बजेगा। सिस्टम यह भी बताने में सक्षम होगा कि कुछ दिनों में यह शख्स किस-किस जगह सीसीटीवी कैमरे की फीड में दिखा है।

## बुलेट प्रूफ 'मोदी जैकेट' पर प्वाइंट नौ एमएम की गोली बेअसर

जागरण संवाददाता, नई दिल्ली : सुरक्षा बलों के लिए बुलेट प्रूफ जैकेट, कपड़े आदि बनाने वाली आयुध उपस्कर निर्माणी कंपनी की ट्रूप कम्फर्ट्स लिमिटेड ने एक ऐसी हल्की व कम कीमत की बुलेट प्रूफ जैकेट बनाई है, जो फैशनेबल भी है। यह जैकेट विशिष्ट व अतिविशिष्ट लोगों के लिए सुरक्षा का स्तर बेहतर करने में सहायता करेगी। तीन किग्रा वजन की इस जैकेट की डिजाइन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पहनी जाने वाली जैकेट की तरह है।

पुलिस एक्सपो में कंपनी की ओर से इस जैकेट का प्रदर्शन किया गया। कंपनी पदाधिकारियों का कहना है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता को देखते हुए इसे 'मोदी जैकेट' नाम दिया गया है। अधिकारियों के अनुसार इस जैकेट की विशेषता कम वजन है और 10 मीटर की दूरी से प्वाइंट नौ एमएम पिस्टल से चली गोली भी भेद नहीं सकती है।



बुलेटप्रूफ मोदी जैकेट • जागरण

**यह है विशेषता**

- इसे बनाने में नीदरलैंड में बने विशेष फैब्रिक का हुआ है इस्तेमाल।
- गोली से बचाव के लिए विशेष धातुओं से 21 लेयर बनाई गई हैं।
- अन्य बुलेट प्रूफ जैकेट की तुलना में यह नरम व लचीली है।
- विभिन्न नाप का इसे बनाया जा सकता है।

## इंटरनेट मीडिया के शातिरों को ढूंढ़ निकालेगा इजराइल का साफ्टवेयर

- आपत्तिजनक पोस्ट करने वालों और उसे साझा करने वालों की चंद सेकेंड में हो जाएगी पहचान
- इजराइल की वोयाजर लैब्स नामक कंपनी ने बनाया है साफ्टवेयर, देश के कई राज्य कर रहे हैं इस्तेमाल

धनंजय मिश्रा • नई दिल्ली

गत कुछ वर्षों से देश में इंटरनेट मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म जैसे फेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम आदि के माध्यम से नफरत फैलाने का सिलसिला जारी है। शातिर लोग देश और विदेश में बैठकर इंटरनेट मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट डालते हैं। पुलिस के लिए इनकी पहचान करना बड़ी चुनौती है, लेकिन अब इजराइल की वोयाजर लैब्स नामक कंपनी ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर आधारित एक ऐसा साफ्टवेयर बनाया है, जो इंटरनेट मीडिया पर ऐसे लोगों को चंद सेकेंड में पहचान लेगा, जिनकी पोस्ट आपत्तिजनक या नफरत वाली है। यह साफ्टवेयर सामान्य इंटरनेट के साथ ही डार्क वेब पर भी आसानी से काम करेगा। कंपनी का दावा है कि देश के कुछ राज्यों में इस साफ्टवेयर का इस्तेमाल हो रहा है।

कंपनी के एक पदाधिकारी ने बताया कि यह साफ्टवेयर इंटरनेट मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म पर लिखित पोस्ट, वीडियो, फोटो और आडियो का विश्लेषण कर आपत्तिजनक सामग्री की पहचान करना करता है और हटाता है। इससे न केवल पोस्ट साझा करने वालों की पहचान होगी, बल्कि यह भी पता लगेगा कि सबसे पहले किसने गलत संदेश को पोस्ट किया और कितने लोगों ने उसे समर्थन दिया।

**पोस्ट करते ही मिलेगा अलर्ट**

कंपनी के पदाधिकारी ने बताया कि साफ्टवेयर चंद सेकेंड में लाखों इंटरनेट मीडिया के यूजर की पोस्ट का विश्लेषण करता है। साफ्टवेयर में पहले से अलग-अलग नकारात्मक की-वर्ड लोड किया जाएगा। जैसे ड्रग्स डील से संबंधित की-वर्ड साफ्टवेयर में लोड होगा। अब जैसे कोई फेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम आदि पर ड्रग्स डील आदि के बारे में लिखेगा, या फिर वीडियो, आडियो और फोटो आदि को पोस्ट करेगा तो साफ्टवेयर इनकी पहचान कर एजेंसियों को सूचना भेजेगा। साफ्टवेयर में अलग-अलग भाषाओं, बोली आदि के की-वर्ड लोड किए जा सकते हैं।

| साफ्टवेयर की प्रमुख विशेषताएं |
| --- |
| पूर्ण रूप से स्वचलित |
| मोबाइल और लैपटाप दोनों में इस्तेमाल |
| इस्तेमाल के लिए किसी कंट्रोल रूम की जरूरत नहीं |
| लाइव जानकारी मुहैया कराएगा |
| उच्च स्तर के प्रशिक्षण की जरूरत नहीं |
| एक साफ्टवेयर पर कई यूजर काम कर सकते हैं |
| समूह द्वारा किए गए पोस्ट कुछ ही सेकेंड में पहचान लिए जाएंगे |

**Dainik Jagran**

# पुलिस एक्सपो में 18 देशों की 350 कंपनियों ने पेश किए सुरक्षा उपकरण

- प्रगति मैदान में आज अंतरराष्ट्रीय एक्सपो का अंतिम दिन
- फायरआर्म्स, ड्रोन, बुलेट प्रूफ जैकेट, आर्म्ड व्हीकल आदि का हुआ प्रदर्शन

**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली :** प्रगति मैदान में बुधवार से दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय पुलिस एक्सपो का आगाज हुआ। एक्सपो में अपराध को रोकने व भारतीय पुलिस एवं केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के लिए जरूरी आधुनिक शस्त्र, तकनीक एवं उपकरण प्रस्तुत किए गए। एक्सपो में 18 देशों की 350 से अधिक कंपनियां प्रतिभाग कर रही हैं, जो फायरआर्म्स, ड्रोन, बुलेट प्रूफ जैकेट, साइबर सुरक्षा, मोबाइल फोरेंसिक, काउंटर ड्रोन, आर्म्ड व्हीकल जैसे उपकरण प्रदर्शित कर रही हैं।

आयोजक मुकेश खारिया ने बताया कि इस आयोजन से पुलिस और कानून प्रवर्तन अधिकारियों, सुरक्षा एजेंसियों को विश्वस्तरीय और घरेलू निर्माताओं के साथ जुड़ने का अवसर मिलेगा। वर्तमान दौर में आपातकालीन स्थिति में सबसे पहले प्रतिक्रिया की जिम्मेदारी तथा नए दौर के बढ़ते अपराधों को देखते हुए पुलिस की भूमिका बदल गई है। आज हमें कानून प्रवर्तन और भीतरी सुरक्षा को नया आयाम देने के लिए आधुनिक तकनीक और नए इनोवेशन्स की जरूरत है। यह आयोजन जरूरत को पूरा करने में मदद करेगा। यूके, यूएसए, इजरायल, जर्मनी, फ्रांस, यूएई, सिंगापुर, आस्ट्रेलिया, रूस, स्पेन, इटली, डेनमार्क, स्वीडन सहित अन्य देशों की कंपनियां भाग ले रही हैं।

संबंधित खबरें ›› जागरण सिटी



प्रगति मैदान में शुरू हुए दो दिवसीय पुलिस एक्सपो में आधुनिक हथियार का अवलोकन करते हुए सुरक्षाकर्मी• ध्रुव कुमार

## प्रदर्शनी में स्वदेशी कंपनियों का रहा जलवा

स्वदेशी कंपनियों ने भी रक्षा से जुडे अत्याधुनिक हथियारों का प्रदर्शन किया। इनमें प्रमुख रूप से अदाणी ग्रुप, भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय का उद्यम ट्रूप्स कम्फर्ट्स लिमिटेड की तरफ से सैन्य एवं सुरक्षा बलों के लिए आधुनिक उपकरणों की व्यापक रेंज को प्रदर्शित किया गया। इनमें स्पर्श कंपनी, इंडो विंग्स कंपनी आदि शामिल हैं। अदाणी ग्रुप की ओर से असाल्ट राइफल और स्नाइपर राइफल्स प्रदर्शित की गईं। इनसे 1200 मीटर से अधिक की दूरी से निशाना लगाया जा सकता है। इसके अलावा दोनों हाथों से चलाने वाली पिस्टल का प्रदर्शन हुआ। स्पर्श की ओर से अत्याधुनिक सीसीटीवी कैमरों आदि का प्रदर्शन किया गया। इंडो विंग्स की ओर से अत्याधुनिक नवीनतम ड्रोन व साइबर अपराधों पर रोकथाम के लिए उपकरणों को पेश किया गया। आयोजन में राज्यों की पुलिस, सीआरपीएफ, बीएसफ, सीआइएसएफ, एसएसबी, आइटीपीबी, आरपीएफ, जीआरपी, एसटीएफ आदि के प्रतिनिधियों ने कंपनियों के द्वारा प्रदर्शित उपकरणों के बारे में जानकारी ली है।

**Punjabi Tribune**

**Shah Times**

## ਹਥਿਆਰਾਂ ਦੀ ਨੁਮਾਇਸ਼



ਨਵੀਂ ਦਿੱਲੀ ਦੇ ਪ੍ਰਗਤੀ ਮੈਦਾਨ ਵਿੱਚ ਲੱਗੇ ਇੰਟਰਨੈਸ਼ਨਲ ਪੁਲੀਸ ਐਕਸਪੋ-2022 ਦੌਰਾਨ ਬੁੱਧਵਾਰ ਨੂੰ ਹਥਿਆਰਾਂ ਦੀ ਨੁਮਾਇਸ਼ ਦੇਖਦੇ ਹੋਏ ਲੋਕ। ਫੋਟੋ: ਮਾਨਸ ਰੰਜਨ ਭੂਈ

## पुलिस एक्सो 2022: तीन सौ कंपनियां हुईं शामिल

शाह टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। -एंटी ड्रॉन से लेकर दंगाईयों को पहचानने और सरहद को ओर मजबूत बनाने के उपकरणों का लगा है मेला आंतरिक सुरक्षा और बुनियादी ढांचे को ओर ज्यादा मजबूत करने के लिये प्रगति मैदान में इंटरनेशनल पुलिस एक्सपो शुरू हुआ। जिसमें अत्याधुनिक ड्रॉन से लेकर उपद्रवियों के चेहरों को पहचानने से लेकर भीड़ को नियंत्रित करने वाले उपकरण, एंटी-ड्रोन गन, नार्को ड्रग टेस्ट, मोबाइल फोरेंसिक टेक्नोलॉजी, साइबर सुरक्षा, बख्तरबंद वाहन और साइबर सुरक्षा के उपकरणों को दर्शाया गया है। एक्सपो में यूके, यूएस, इजरा. इल, जर्मनी, फ्रांस, दुबई, यूएई, सिंगा. पुर, ऑस्ट्रेलिया, रूस, स्पेन, इटली, डेनमार्क और स्वीडन जैसे विभिन्न देशों की साढ़े तीन सौ से अधिक विश्व स्तरीय कंपनियां शामिल हुई हैं। इंटरनेशनल पुलिस एक्सपो के आयोजक मुकेश खारिया ने कहा, हमारे दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय पुलिस एक्सपो के इस भव्य उद्घाटन के साथ, हमें विश्वास है कि वरिष्ठ पुलिस और कानून प्रवर्तन अधिकारी, सुरक्षा एजेंसियां, सरकारी प्रतिनिधि और पेश. वर सफलतापूर्वक जुड़ेंगे और वैश्विक और घरेलू निर्माताओं, आपूर्तिकर्ताओं और नवप्रवर्तकों के साथ बातचीत करें ताकि भारत में पुलिसिंग और मातृभूमि की सुरक्षा के लिए एक उज्ज्वल भविष्य को आकार दिया जा सके।

उन्होंने बताया कि हाल ही में टीसीएल ने आधुनिक उपकरणों की व्यापक रेंज का विकास किया है जैसे बीआई एस लैवल, 9 ग 19 ठठ गोला-बारूदों से सुरक्षा के लिए बुलेट रेजिस्टेन्ट जैकेट और बुलेट रेजिस्टेन्ट हेलमेट, अत्यधिक उंचाई वाले क्षेत्रों में अल्ट्रा लाईटवेट कैम्पिंग टेंट,-50 डिग्री तक के तापमान के लिए हिमवीर ईसीडब्ल्यूसीएस प्रोटोटाईप, बीआईएस लैवल वी के अनुरूप बुलेट रेजिष्स्टेन्ट जैकेट, स्नो बूट, विभिन्न क्षमता पर रूकसैक और बैकपैक, एंटी-माइक्रोबियल फिनिश और एनआईआर कॉमोफ्लेज कम्प्लायन्ट नए आर्मी डिजिटल कॉमोफ्लेज पैटर्न वाली आधुनिक यूनिफॉर्म, कोट कोम्बेट (लाईट पैटर्न) आदि। ये सभी उपकरण हमारे सैन्य बलों की आवश्यकताओं को पूरा करते हैं। हमने दो दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय पुलिस एक्स्पो के दौरान इन सभी इनोवेशन्स को प्रस्तुत किया है। दंगों में दंगाई पहचान छुपाने के लिये लिये चेहरे के कुछ हिस्से को ढकने के लिये मास्क लगा लेते हैं। तो कुछ मास्क के साथ साथ चश्मा भी लगा लेते हैं,जिससे सुरक्षा एजेंसियों को उनकी पहचान करने में काफी दिक्कतें होती है।



## International Police Expo showcases latest trends in defence technology

July 6, 2022 8:12:49 pm

A police personnel visits the International Police Expo 2022 in New Delhi, Wednesday. (Express Photo)



## International Police Expo 2022 starts in national Capital

Thursday, 07 July 2022 | Staff Reporter | NEW DELHI

SHARE

With an aim to strengthen the internal security infrastructure, the International Police Expo 2022 started on Wednesday in the national capital, during which the latest technology in security has been displayed from over 18 countries.

In the expo 2022, Mob Controlling equipment's and technologies, Anti-Drone Guns, Narco Drug Test, Mobile Forensic Technology, Cyber Security, Armoured Vehicles and a plethora of disruptive technologies in cybersecurity, homeland security, safety and rescue space from over 18 countries have become the key attraction of disaster rescue authorities, law enforcement agencies and central armed forces at the two-day event in New Delhi.

The event was organised by Nexgen Exhibitions, the International Police Expo 2022 is scheduled from 6th-7th July 2022 at Pragati Maidan hosting over 350 world-class companies from various countries such as UK, US, Israel, Germany, France, Dubai, UAE, Singapore, Australia, Russia, Spain, Italy, Denmark and Sweden.One of the key attraction.

**Publication:** Indian Express
**Link:** https://indianexpress.com/photos/india-news/international-police-expo-defence-technology-photos-8013094/

**Publication:** The Pioneer
**Link:** https://www.dailypioneer.com/2022/india/international-police-expo-2022-starts-in-national-capital.html



International Police Expo: रायफल्स, मशीनगन.. दिल्ली में हथियारों की प्रदर्शनी में देखिए दुनिया के सबसे खतरनाक हथियार

Satyakam Abhishek | Navbharat Times Updated: 6 Jul 2022, 5:46 pm

राजधानी दिल्ली में इंटरनेशनल पुलिस एक्सपो-2022 में अत्याधुनिक हथियारों की नुमाइश की जा रही है। 6 जुलाई से शुरू हुई इस प्रदर्शनी में दुनिया के अत्याधुनिक हथियारों को प्रदर्शित...



International Police Expo: माननीयों की सुरक्षा के लिए नई बुलेट प्रूफ 'मोदी जैकेट', गोलियां भी होंगी बेअसर

Author: Abhishek Tiwari

Publish Date: Thu, 07 Jul 2022 10:13 AM (IST) Updated Date: Thu, 07 Jul 2022 10:22 AM (IST)

**Publication:** Navbharat Times
**Link:** https://navbharattimes.indiatimes.com/photomazza/national-photogallery/international-police-expo-2022-in-delhi-assault-rifle-to-light-machine-gun-see-the-latest-weapons/photoshow/92701958.cms

**Publication:** Dainik Jagran
**Link:** https://www.jagran.com/delhi/new-delhi-city-ncr-bullet-proof-modi-jacket-9mm-bullet-will-be-ineffective-22869921.html



Bullet proof vests developed by TCL, Defence Ministry (Photo/ANI)

TCL develops bullet proof 'Nehru jackets' for VVIPs, politicians



TCL develops bullet proof 'Nehru jackets' for VVIPs, politicians

**Publication:** ANI News
**Link:** https://www.aninews.in/news/national/general-news/tcl-develops-bullet-proof-nehru-jackets-for-vvips-politicians20220706181304/

**Publication:** The Print
**Link:** https://theprint.in/india/tcl-develops-bullet-proof-nehru-jackets-for-vvips-politicians/1027853/



# International Police Expo: अत्याधुनिक हथियारों के साथ फेशियल रिकॉग्निशन टेक्नोलॉजी की हुई प्रदर्शनी, चेहरे से ही हो जाएगी आरोपी की पहचान

International Police Expo: पुलिस के सामने साइबर सिक्योरिटी और निगरानी को लेकर नई चुनौतियां खड़ी हो गई हैं, क्योंकि आधुनिक हथियार अपराधियों और आतंकियों के पहुंच में हैं। इस तरह की चुनौतियां देश की भीतरी सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा हो सकती हैं।

Reported By: Shrutika
Updated on: July 06, 2022 18:00 IST

**Publication:** Indian TV
**Link:** https://www.indiatv.in/delhi/international-police-expo-at-delhi-pragati-maidan-exhibition-of-facial-recognition-technology-with-state-of-the-art-weapons-2022-07-06-863081



Home / Socially

# TCL Develops Bullet Proof 'Nehru Jackets' for VVIPs, Politicians Read @ANI Story | - Latest Tweet by ANI Digital

*The latest Tweet by ANI Digital states, 'TCL develops bullet proof 'Nehru jackets' for VVIPs, politicians Read @ANI Story | ...'*

**Publication:** Latestly
**Link:** https://www.latestly.com/socially/india/news/tcl-develops-bullet-proof-nehru-jackets-for-vvips-politiciansread-ani-story-latest-tweet-by-ani-digital-3916238.html


TCL develops bullet proof 'Nehru jackets' for VVIPs, politicians


TCL creates bulletproof Nehru jackets for politicians and VVIPs.

Troop Comforts Limited has designed and tested a cost-effective bullet-proof Nehru Jacket for the VVIPs and government officials of the region . The jacket costs only Rs 35,000 and weighs just 2.5 kg, but is not stab-resistant .

**Publication:** Daily Hunt
**Link:** https://m.dailyhunt.in/news/india/english/ani67917250816496966-epaper-dh448c3797a13d4f32b1d2367d0d72a726/tcl+develops+bullet+proof+nehru+jackets+for+vvips+politicians-newsid-n401831286

**Publication:** Times Bureau
**Link:** https://thetimesbureau.com/tcl-creates-bulletproof-nehru-jackets-for-politicians-and-vvips-202207/







**Publication:** Fresh Society
**Link:** https://freshsociety.info/2022/07/06/tcl-develops-bullet-proof-nehru-jackets-for-vvips-politicians/

**Publication:** Daily India
**Link:** https://dailyindia.net/nehru-jacket-leaders-and-vvips-will-remain-safe-even-if-shot-know-the-specialty/446/



हिंदी न्यूज़ • समाचार • देश

## Nehru Jacket : नेता और VVIP गोली चलने पर भी रहेंगे सुरक्षित, जानिए खासियत

By Jyoti Bhaskar | Published: Thursday, July 7, 2022, 7:07 [IST]

**नई दिल्ली, 6 जुलाई :** अंतरराष्ट्रीय पुलिस एक्सपो-2022 में बुलेट प्रूफ कपड़ों का प्रदर्शन किया गया। राजनेताओं के लिए बुलेट प्रूफ नेहरू जैकेट (nehru jacket bullet proof) ने सबका ध्यान खींचा। रक्षा मंत्रालय के उपक्रम ट्रूप कम्फर्ट्स लिमिटेड (TCL) ने बुलेट प्रूफ 'नेहरू जैकेट' विकसित किया है। टीसीएल का कहना है कि बढ़ते आतंकवादी खतरों के स्तर मद्देनजर देश में वीवीआईपी और राजनेताओं के लिए बुलेट-प्रूफ 'नेहरू जैकेट' विकसित किया गया है। टीसीएल का कहना है कि बुलेट प्रूफ नेहरू जैकेट की विशेषताओं के मद्देनजर इसे कम लागत में बनाया गया क्वालिटी का स्वदेशी उत्पाद कहा जा सकता है। जानिए, बुलेट प्रूफ नेहरू जैकेट की कीमत और विशेषताएं



Devdiscourse

About | Career | Advertisement | Team

NEWS | RESEARCH | LIVE DISCOURSE | BLOG / OPINION

AGRO-FORESTRY ART & CULTURE TECHNOLOGY ECONOMY EDUCATION ENERGY POLITICS LAW & GOVERNANCE HEALTH SCIENCE

## TCL develops bullet proof 'Nehru jackets' for VVIPs, politicians

With increasing levels of terrorist threats, Troop Comforts Limited (TCL) has indigenously developed a cost-effective bullet-proof 'Nehru Jacket' for the VVIPs and the politicians of the country.

ANI | New Delhi | Updated: 06-07-2022 18:19 IST | Created: 06-07-2022 18:19 IST

**Publication:** One India –Hindi
**Link:** https://hindi.oneindia.com/news/india/nehru-jacket-bullet-proof-troop-comforts-limited-defence-ministry-692563.html

**Publication:** Dev Discourse
**Link:** https://www.devdiscourse.com/article/headlines/2100108-tcl-develops-bullet-proof-nehru-jackets-for-vvips-politicians



AI-based system at display in International Police Expo to identify masked stone pelters

Most Popular

From Lion Capital to Flag Code, Modi govt is shifting the meaning of India's symbols

IAS duo transferred for walking dog in stadium joined 'punishment' postings, then took long leave

China's failing white elephant projects in Sri Lanka have lessons for India





Home / Socially

AI-based System at Display in International Police Expo to Identify Masked Stone Pelters ... - Latest Tweet by ANI Digital

*The latest Tweet by ANI Digital states, 'AI-based system at display in International Police Expo to identify masked stone pelters Read @ANI Story | ...'*

**Publication:** The Print
**Link:** https://theprint.in/india/ai-based-system-at-display-in-international-police-expo-to-identify-masked-stone-pelters/1027800/

**Publication:** Latestly
**Link:** https://www.latestly.com/socially/india/news/ai-based-system-at-display-in-international-police-expo-to-identify-masked-stone-pelters-latest-tweet-by-ani-digital-3916741.html




AI-based system at show in Worldwide Police Expo to determine masked stone pelters



An AI-based system to recognise masked stone throwers is on show at the International Police Expo.

JUL 06,2022 19:18 PM

**Publication:** Brainly Tech
**Link:** https://brainlytech.com/ai-based-system-at-show-in-worldwide-police-expo-to-determine-masked-stone-pelters/

**Publication:** Times Bureau
**Link:** https://thetimesbureau.com/an-ai-based-system-to-recognise-masked-stone-throwers-is-on-show-at-the-international-police-expo-202207/



Politics

# TCL develops bullet proof 'Nehru jackets' for VVIPs, politicians

July 6, 2022 Aljazeera

By Saurabh Trivedi

New Delhi [India], July 6 (ANI): With increasing levels of terrorist threats, Troop Comforts Limited (TCL) has indigenously developed a cost-effective bullet-proof 'Nehru Jacket' for the VVIPs and the politicians of the country.

The TCL showcased the bullet-proof clothing at International Police Expo-2022 at Pragati Maidan in New Delhi on Tuesday.



# AI-based system at display in International Police Expo to identify masked stone pelters

New Delhi [India], July 6 (ANI): Over 18 countries have participated in International Police Expo-2022 showcasing their advanced firearms and Artificial Intelligence-based safety system for the protection of society on Wednesday at Pragati maidan in New Delhi.



**Publication:** Al Jazeera
**Link:** https://aljazeera.co.in/politics/tcl-develops-bullet-proof-nehru-jackets-for-vvips-politicians/

**Publication:** Zee5
**Link:** https://www.zee5.com/articles/ai-based-system-at-display-in-international-police-expo-to-identify-masked-stone-pelters



NEWS HOME » INDIA

# AI-based system at display in International Police Expo to identify masked stone pelters

COMMENT

New Delhi | July 6, 2022 7:25:51 PM IST

Over 18 countries have participated in International Police Expo-2022 showcasing their advanced firearms and Artificial Intelligence-based safety system for the protection of society on Wednesday at Pragati maidan in New Delhi.

**Publication:** News WebIndia 123
**Link:** https://news.webindia123.com/news/Articles/India/20220706/3959923.html



# 7th International Police Expo, 2022: Here's everything you should know!



**Publication:** MyMobile India
**Link:** https://www.mymobileindia.com/7th-international-police-expo-2022-heres-everything-you-should-know/#gsc.tab=0







**Publication:** City Spidey
**Link:** https://www.cityspidey.com/news/18302/international-police-expo-2022-at-pragati-maidan

**Publication:** The Statesman
**Link:** https://www.thestatesman.com/photo/police-expo-takes-place-delhis-pragati-maidan-1503087973.html



AI-based system at display in International Police Expo

International Desk | 07 Jul 2022, 19:16





AI-BASED SYSTEM AT DISPLAY IN INTERNATIONAL POLICE EXPO

**Publication:** RTV Online
**Link:** https://www.rtvonline.com/english/international/8749/AI-based-system-at-display-in-International-Police-Expo

**Publication:** The Daily Guardian
**Link:** https://thedailyguardian.com/ai-based-system-at-display-in-international-police-expo/







**Publication:** DNA India
**Link:** https://www.dnaindia.com/hindi/india/video-video-international-police-expo-2022-offers-latest-trends-defence-technology-4037889

**Link:** https://www.youtube.com/watch?v=-12-hj8sPAk

**Channel:** India News
**Link:** https://we.tl/t-kiH9GLbR5o







**Channel:** Doordarshan National
**Link:** https://www.youtube.com/watch?v=o7jFsNMX3ME&t=2s

**Channel:** News Nation
**Link:** https://www.youtube.com/watch?v=yYRNpmuFZBw




**Channel:** News18 India
**Link:** https://www.youtube.com/watch?v=5OMm1zoRKfY&t=2s




**Channel:** Good News Today
**Link:** https://www.youtube.com/watch?v=iNxi4YVm0K4&t=50s







**Channel:** Good News Today
**Link:** https://www.youtube.com/watch?v=fYarA-zxnkU&t=48s

**Channel:** News24
**Link:** https://www.youtube.com/watch?v=96SeNWoolaY







**Channel:** News24
**Link:** https://www.youtube.com/watch?v=kev-xtyG8Nc

**Channel:** News24
**Link:** https://www.youtube.com/watch?v=H5xthogf7y4

# THANK YOU